लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 240
21 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

पीएलआई योजना

240. श्री ज्ञानेश्वर पाटील:
श्री निलेश ज्ञानदेव लंके:
डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे:
श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में कपड़ा क्षेत्र के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विभिन्न राज्यों, विशेष रूप से मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में इस योजना के माध्यम से किए गए कुल निवेश और सृजित रोजगार का ब्यौरा क्या है;

(ग) इसके कार्यान्वयन में लागत और समय में हुई किसी भी देरी के क्या कारण है; और

(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीपबित्र मार्घेरिटा)

(क) और (ख): वस्त्रों के लिए उत्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के तहत, कुल 170 कंपनियों को मंजूरी दी गई है। दिनांक 31 मार्च, 2026 तक, पीएलआई कंपनियों द्वारा 8,117.64 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है और 33,427 नए रोजगार सृजित किए गए हैं। निवेश और रोजगार सृजन का राज्यवार विवरण **अनुबंध-1** में है।

(ग) और (घ): योजना के तहत कार्यान्वयन के दौरान लागत में विलंब की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

अनुबंध-1

दिनांक 31.03.2026 तक वस्त्रों के लिए पीएलआई योजना के माध्यम से किए गए निवेश और रोजगार सृजन का राज्य-वार विवरण निम्नानुसार है:-

(राशि करोड़ रुपए में)

क्र.सं.	राज्य का नाम	कंपनियों की संख्या	वास्तविक निवेश	वास्तविक रोजगार
1	गुजरात	46	1903.38	4493
2	मध्य प्रदेश	22	658.45	4970
3	महाराष्ट्र	24	167.51	904
4	उत्तर प्रदेश	15	4.63	-
5	तमिलनाडु	17	1277.16	7930
6	कर्नाटक	6	1515.99	5611
7	राजस्थान	6	219.91	1139
8	पंजाब	6	-	-
9	दादरा एवं नगर हवेली (यूटी)	6	237.10	1310
10	आंध्र प्रदेश	5	170.99	2619
11	हरियाणा	6	1.36	6
12	तेलंगाना	2	362.66	258
13	पश्चिम बंगाल	2	-	-
14	असम	1	2.49	-
15	गोवा	1	1355.87	692
16	ओडिशा	2	-	-
17	हिमाचल प्रदेश	1	2.85	30
18	बिहार	2	237.28	3465
	कुल	**170**	**8,117.64**	**33,427**

******